भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †789

सोमवार, 12 दिसम्बर, 2022/21 अग्रहायण, 1944 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

ओडिशा में तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्द्धन अभियान (प्रसाद) योजना के तहत परियोजनाओं को मंजूरी

†789. श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देवः

डॉ. जयंत कुमार रायः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्द्धन अभियान (प्रसाद) योजना लागू कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) प्रसाद योजना के तहत अब तक स्वीकृत परियोजनाओं का ओडिशा सहित राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) प्रसाद योजना के तहत अब तक राज्य-वार स्वीकृत धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(घ) राज्य सरकारों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों का और उनमें से अभी भी लंबित प्रस्तावों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सरकार द्वारा अन्य क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): पर्यटन मंत्रालय द्वारा चिह्नित तीर्थ गंतव्यों पर तीर्थ पर्यटन अवसंरचना के एकीकृत विकास के उद्देश्य से एक केंद्रीय क्षेत्र योजना के रूप में 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक, संवर्धन अभियान पर राष्ट्रीय मिशन (प्रसाद)' का शुभारंभ किया गया था। अक्टूबर 2017 में उक्त योजना में विरासत संबंधी विषय को शामिल करने के साथ ही इस योजना को 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान पर राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद)' के रूप में नया नाम दिया गया है।

(ख) और (ग): ओडिशा राज्य सहित स्वीकृत परियोजनाएं, स्वीकृत राशि और निर्मुक्त राशि का राज्य-वार विवरण संलग्न है।

(घ): प्रशाद योजना के तहत गंतव्यों को चिह्नित करने के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से प्रस्तावों की प्राप्ति और परियोजनाओं का अनुमोदन एक सतत प्रक्रिया है। कोई भी निर्णय लेने से पूर्व योजना के दिशानिर्देशों को ध्यान में रखते हुए प्राप्त प्रस्तावों की जांच की जाती है।

(ङ): योजना के सफल कार्यान्वयन के लिए पर्यटन मंत्रालय द्वारा उठाए गए कदमों में सभी प्रकार के आवश्यक वैधानिक अनुमोदनों की प्राप्ति और आवश्यक भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के बाद ही परियोजनाओं को अनुमोदन, निविदा प्रक्रिया के उचित रूप से पूर्ण होने पर कार्य सौंपे जाने के पश्चात् और केवल सौंपे गए कार्यों के मूल्य के आधार पर प्रथम किस्त जारी करना, संबंधित राज्य/संघ राज्य प्राधिकारियों से परियोजनाओं की माहवार प्रगति रिपोर्ट प्राप्त करना, संबंधित राज्यों द्वारा सूचित कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए अगली किशत जारी करने से पूर्व साइट को भौतिक रूप से देखना, पीएफएमएस में वेंडर स्तर तक भुगतान/निधि की निर्मुक्ति सुनिश्चित करना, प्रभाग, शाखा और मुख्यालय जैसे विभिन्न स्तरों पर परियोजना निष्पादन की आवधिक निगरानी शामिल है।

*****

अनुबंध

ओडिशा में तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्द्धन अभियान (प्रसाद) योजना के तहत परियोजनाओं को मंजूरी के संबंध में दिनांक 12.12.2022 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †789 के भाग (ख) और (ग) के उत्तर में विवरण

पर्यटन मंत्रालय की प्रशाद योजना के तहत परियोजनाओं, अनुमोदित लागत और जारी राशि का राज्य-वार विवरण

(करोड़ रु में)

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | परियोजना की संख्या | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | अनुमोदित लागत | निर्मुक्त राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 1. | अमरावती शहर, गुंटूर जिले का पर्यटन स्थल के रूप में विकास | 2015-16 | 27.77 | 27.77 |
| | 2. | श्रीशैलम मंदिर का विकास | 2017-18 | 43.08 | 43.08 |
| अरुणाचल प्रदेश | 3. | परसुराम कुंड, लोहित जिला का विकास। | 2020-21 | 37.88 | 7.34 |
| असम | 4. | गुवाहाटी और उसके आस-पास कामाख्या मंदिर और तीर्थ स्थल का विकास | 2015-16 | 29.80 | 29.80 |
| बिहार | 5. | विष्णुपद मंदिर, गया, बिहार में बुनियादी सुविधाओं का विकास | 2014-15 | 4.27 | 2.91 |
| | 6. | पटना साहिब में विकास | 2015-16 | 41.54 | 33.23 |
| छत्तीसगढ़ | 7. | मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, छत्तीसगढ़ का विकास | 2020-21 | 43.33 | 24.33 |
| गुजरात | 8. | द्वारका का विकास | 2016-17 | 13.08 | 10.46 |
| | 9. | सोमनाथ में तीर्थयात्रा सुविधाएं | 2016-17 | 45.36 | 45.36 |
| | 10. | प्रशाद योजना के तहत सोमनाथ में प्रोमेनेड का विकास | 2018-19 | 47.12 | 47.12 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 11. | सोमनाथ गुजरात में क्यू मैनेजमेंट काम्प्लेक्स के साथ तीर्थस्थल प्लाजा का विकास | 2021-22 | 49.97 | प्रशा. अनुमोदन 10.03.22 को |
| | 12. | बनासकंठ, गुजरात के अंबाजी मंदिर में तीर्थस्थल पर्यटन अवसंरचना का विकास। | 2022-23 | 50.00 | प्रशा. अनुमोदन 03.08.22 को |
| हरियाणा | 13. | पंचकुला जिले में नाडा साहब गुरुद्वारा और माता मनसा देवी मंदिर का विकास | 2019-20 | 49.52 | 28.77 |
| जम्मू और कश्मीर | 14. | हजरतबल में विकास | 2016-17 | 40.46 | 32.37 |
| झारखंड | 15. | बैद्यनाथजी धाम, देवघर का विकास | 2018-19 | 39.13 | 31.23 |
| केरल | 16. | गुरुवायूर मंदिर में विकास | 2016-17 | 45.19 | 45.19 |
| मध्य प्रदेश | 17. | ओंकारेश्वर का विकास | 2017-18 | 43.93 | 43.93 |
| | 18. | अमरकंटक का विकास | 2020-21 | 49.99 | 4.86 |
| महाराष्ट्र | 19. | त्र्यंबकेश्वर का विकास | 2017-18 | 52.92 | 27.67 |
| मेघालय | 20. | मेघालय में तीर्थस्थल सुविधा का विकास | 2020-21 | 29.32 | 17.59 |
| नागालैंड | 21. | नागालैंड में तीर्थस्थल अवसंरचना का विकास | 2018-19 | 25.26 | 21.33 |
| | 22. | प्रशाद योजना के तहत जुन्हेबोटो, नागालैंड में तीर्थस्थल और पर्यटन अवसंरचना का विकास। | 2022-23 | 18.18 | प्रशा. अनुमोदन 4.11.22 को |
| ओडिशा | 23. | मेगा परिपथ के तहत पुरी, श्री जगन्नाथधाम - रामचंडी - देवली में प्राची रिवर फ्रंट में अवसंरचना विकास | 2014-15 | 50.00 | 10.00 |
| पंजाब | 24. | अमृतसर में करुणासागर वाल्मीकि स्थल का विकास | 2015-16 | 6.40 | 6.40 |
| | 25. | प्रशाद योजना के अंतर्गत रोपड़ | 2021-22 | 31.57 | 7.26 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | पंजाब में चमकौर साहिब का विकास | | | |
| राजस्थान | 26. | पुष्कर/अजमेर का एकीकृत विकास | 2015-16 | 32.64 | 26.11 |
| सिक्किम | 27. | युकसोम में चार संरक्षक संतों पर तीर्थ सुविधा का विकास | 2020-21 | 33.32 | 18.50 |
| तमिलनाडु | 28. | कांचीपुरम का विकास | 2016-17 | 13.99 | 13.99 |
| | 29. | वेलंकन्नी का विकास | 2016-17 | 4.86 | 4.86 |
| तेलंगाना | 30. | जोगुलम्बा देवी मंदिर, आलमपुर का विकास | 2020-21 | 36.73 | 10.27 |
| त्रिपुरा | 31. | त्रिपुरा सुन्दरी मंदिर, उदयपुर का विकास | 2020-21 | 37.80 | 21.18 |
| उत्तराखंड | 32. | केदारनाथ का एकीकृत विकास | 2015-16 | 34.77 | 34.77 |
| | 33. | प्रशाद योजना के तहत बद्रीनाथ जी धाम (उत्तराखण्ड) में तीर्थयात्रा सुविधा हेतु अवसंरचना का विकास | 2018-19 | 56.13 | 20.79 |
| | 34. | प्रशाद योजना के तहत उत्तराखण्ड में गंगोत्री और यमुनोत्री धाम तीर्थयात्रा अवसंरचना सुविधाओं का संवर्द्धन | 2021-22 | 54.36 | 14.06 |
| उत्तर प्रदेश | 35. | मेगा पर्यटक परिपथ (चरण-II) के रूप में मथुरा-वृंदावन का विकास | 2014-15 | 10.98 | 10.98 |
| | 36. | वृंदावन, जिला मथुरा में पर्यटक सुविधा केन्द्र का निर्माण | 2014-15 | 9.36 | 9.36 |
| | 37. | वाराणसी चरण -I का विकास | 2015-16 | 20.40 | 16.32 |
| | 38. | गंगा नदी, वाराणसी में क्रूज पर्यटन | 2017-18 | 9.02 | 9.02 |
| | 39. | प्रशाद योजना - चरण II के तहत वाराणसी का विकास | 2017-18 | 44.60 | 31.77 |
| | 40. | गोवर्धन, मथुरा, उत्तर प्रदेश में अवसंरचना सुविधाओं का | 2018-19 | 39.74 | 30.97 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | विकास | | | |
| पश्चिम बंगाल | 41. | बेलूर का विकास | 2016-17 | 30.03 | 23.39 |

*****